**Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of July, 2020.**

Union Home Minister took a meeting on 02.07.2020 to review the Management of Covid-19 situation in National Capital Region and on 03.07.2020 to review preparedness of measures to deal with monsoon and flood situation in major floor prone river basins in the country

2. Union Home Secretary have written a D.O. dated 11.07.2020 to the Chief Secretaries/ Administrator of all States/UTs on giving incentives to NCC Certificate holders in recruitment to the State Police Forces.

3. An advisory issued on 24.07.2020 to the Chief Secretaries/ Administrators of all States/ UTs on Welfare of families/ dependents of Police/ CAPF personnel.

4. 09 (nine) nos. of 'NOC' have been issued for change of name of villages.

5. During the month more than 8041 kgs of Narcotics substance have been seized. Total 47 persons were arrested for their involvement in drug trafficking.

6. Sanction for prosecution for filing the charge sheet against 55 accused person was accorded in accordance with section 45(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 and section 196 of CrPC. Fake Indian Currency Notes (FICN) having face value of Rs.34,31,000/- in domination of Rs.2000/- and Rs.500/- have been seized.

7. The Ministry had declared (09) nine individuals as designated terrorists under the provisions of the UA (P) A, 1967.

8. During the month of July, 2020 The Contract Labour (Regulation & Abolition) (Gujarat Amendment) Ordinance, 2020, The Factories Act (Arunachal Pradesh Amendment) Ordinance, 2020, The Industrial Disputes (Arunachal Pradesh Amendment) Ordinance, 2020, The Contract Labour (Regulation & Abolition) (Arunachal Pradesh Amendment) Ordinance, 2020, The Industrial Disputes and Certain other laws (Karnataka Amendment) Ordinance, 2020, The Factories (Punjab Amendment) Ordinance, 2020, Labour Laws (Gujarat Amendment) Ordinance, 2020, The Industrial Disputes (The Tripura Second Amendment) Ordinance, 2020, The Industrial Disputes (Assam Amendment) Ordinance, 2020, The Factories (Assam Second Amendment) Ordinance, 2020 have been ftnalized and instruction of the Hon' ble President for promulgation of the Ordinance have been conveyed to State Governments. Hon' ble President has given his assent to

The Code of Criminal Procedure (Uttarakhand Amendment) Bill, 2019.

9. During the month of July 2020, 30,050 cybercrime incidents have been reported on cybercrime portal and 273 FIRs have been registered.

10. 49 Chinese Mobile Apps were blocked for public access by Meity under Section 69 A of IT Act, 2020.

*********

**गृह मंत्रालय की जुलाई, 2020 के लिए मुख्य उपलब्धियां, महत्वपूर्ण घटनाक्रम और उल्लेखनीय कार्यकलाप**

केंद्रीय गृह मंत्री महोदय ने, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोविड-19 की स्थिति के प्रबंधन की समीक्षा करने के लिए दिनांक 02.07.2020 को तथा मानसून और देश में बाढ़ की अधिक संभावना वाले प्रमुख नदी बेसिन में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए उपायों की तैयारी की समीक्षा हेतु दिनांक 03.07.2020 को बैठक ली।

2. केन्द्रीय गृह सचिव ने, राज्य पुलिस बलों की भर्ती में एनसीसी प्रमाण-पत्र धारकों को प्रोत्साहन देने के बारे में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों/प्रशासकों को दिनांक 11.07.2020 को अर्ध-शासकीय पत्र लिखा है।

3. पुलिस/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिकों के परिवारों/आश्रितों के कल्याण के बारे में, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों/प्रशासकों को दिनांक 24.07.2020 को परामर्शी पत्र जारी किया गया।

4. 09 गांवों के नाम बदलने के लिए "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" जारी किया गया है।

5. इस माह के दौरान, 8041 किलोग्राम से अधिक स्वापक पदार्थ जब्त किए गए हैं। ड्रग ट्रैफिकिंग में संलिप्तता के लिए कुल 47 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

6. विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 45(1) तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 196 के अनुसार, 55 अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई। दो हजार रु. (2000/-) तथा पांच सौ रु. (500/-) के नोटों में कुल 34,31,000 रु. अंकित मूल्य के जाली भारतीय करेंसी नोट (एफआईसीएन) जब्त किए गए हैं।

7. मंत्रालय ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के अंतर्गत दिनांक 01 जुलाई, 2020 को 09 व्यक्तियों को नामोदिष्ट आतंकवादी घोषित किया है।

8. इस माह के दौरान, संविदा श्रमिक (विनियमन और उन्मूलन) (गुजरात संशोधन) अध्यादेश, 2020, कारखाना अधिनियम (अरुणाचल प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 2020, औद्योगिक विवाद (अरुणाचल प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 2020, संविदा श्रमिक (विनियमन और उन्मूलन) (अरुणाचल प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 2020, औद्योगिक विवाद तथा कतिपय अन्य विधियां (कर्नाटक संशोधन) अध्यादेश, 2020, कारखाना (पंजाब संशोधन) अध्यादेश, 2020, श्रम कानून (गुजरात संशोधन) अध्यादेश, 2020, औद्योगिक विवाद (त्रिपुरा द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2020, औद्योगिक विवाद (असम संशोधन) अध्यादेश, 2020, करखाना (असम द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2020 को अंतिम रूप दिया गया है तथा अध्यादेश को प्रख्यापित किए जाने के लिए

माननीय राष्ट्रपति का अनुदेश राज्य सरकारों को संसूचित किया गया है। माननीय राष्ट्रपति ने दंड प्रकिया संहिता (उत्तराखंड संशोधन) विधेयक, 2019 को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

9. इस माह के दौरान, साइबर अपराध पोर्टल पर 30,050 साइबर अपराध संबंधी घटनाएं सूचित की गई हैं तथा 273 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं।

10. आईटी अधिनियम, 2020 की धारा 69(क) के अंतर्गत, इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 49 चीनी मोबाइल एप्प को जनता की पहुंच के लिए ब्लॉक कर दिया गया है।

*******